>

Title: Need to ensure adequate supply of coal to Thermal Power Stations in Madhya Pradesh and restore the allocation of power from Central Pool to the State.

**श्री गणेश सिंह (सतना):** मध्य प्रदेश में स्थापित थर्मल पावरों को पर्याप्त कोयला नहीं मिल पा रहा है। जो कोयला प्रदेश में उत्खनित किया जा रहा है, उसे बाहर भेजा जा रहा है और प्रदेश सरकार को विदेशों से आयात करने के लिए कहा जा रहा है। इसी तरह केन्द्र के पूल से 350 मेगावाट की बिजली की कटौती कर दी गई है। कई थर्मल पावरों के कोयला लिंकेज परियोजनाओं की वन एवम् पर्यावरण की एन.ओ.सी. लम्बित पड़ी हैं।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वह मध्य प्रदेश के थर्मल पावर स्टेशनों के लिए पर्याप्त मात्रा में कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करे तथा केन्द्रीय पूल से 350 मेगावाट बिजली का आबंटन पुनः बहाल करे।